हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026



13 कलेक्टर लंगेह ने राइस मिलर्स की बैठक लेकर 15 तक धान उठाव के दिए निर्देश



14 महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने व बाजार से जोड़ने के दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड में बाप-बेटे पर जानलेवा हमला

**महासमुंद।** नगर के बस स्टैंड में बाप-बेटे से मारपीट कर जानलेवा हमला करने के आरोप में सिटी कोतवाली में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शीतल दास मानिकपुरी पिता स्व. बाबूदास मानिकपुरी, (57 वर्ष) निवासी ग्राम मुस्की वार्ड नं. 13 महामाया मंदिर, थाना तुमगांव ने बताया कि वह ग्राम का कोटवार है। 08 अप्रैल की शाम 6 बजे अपने बेटे दोनेश्वर दास मानिकपुरी के साथ कार में सब्जी लेने महासमुंद आया था। सब्जी लेने के बाद वे महासमुंद बस स्टैंड के बागबाहरा जाने वाले गेट के पास पहुंचे थे, उसी समय एक अज्ञात लड़का अपनी कार खड़ी कर किसी से बात कर रहा था, तभी मेरे बेटे ने उसे कार हटाने हेतु हार्न बजाया, तभी कुछ दूरी पर खडे कैलाश बाघ व साहिल खान निवासी महासमुंद के द्वारा एक राय होकर उसे तथा उसके बेटे दोनेश्वर दास मानिकपुरी को गाली देकर हत्या करने की नीयत से हाथ मुक्का, ईंट एवं कांच का बोतल से मारपीट किया है, जिससे उसके सिर, कान, मुंह में चोंट आयी है तथा दोनेश्वर दास मानिकपुरी को कान में गंभीर चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109, 118(1), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक हटाने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** शहर के हृदय स्थल गणेश मार्केट के सामने से बाइक हटाने को लेकर हुए मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को प्रार्थी विकास जैन निवासी वार्ड नं. 26 क्लबपारा ने बताया कि वह कोरियर का काम करता है। 8 अप्रैल की शाम करीबन 6.30 बजे अपनी मोटर सायकल को गणेश मार्केट के सामने खड़ी अपने दुकान चला गया। वापस आकर देखा तो जैयश साहू द्वारा उसके मोटर सायकल को खींचकर दूसरी जगह रख दिया था। जिस पर उसने जैयश साहू से पूछा कि मेरे मोटर सायकल को खीचकर क्यों ले गये हो, मुझसे चाबी मांग लेते। इतने में आरोपी जैयश साहू ने गुस्से में आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### धान मंडी के पास शराब बिक्री, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। ग्राम तेंदूकोना धान मंडी के पास पेड़ के नीचे देशी प्लेन शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम तेंदूकोना धान मंडी के पास कोसम पेड के नीचे में एक व्यक्ति देशी प्लेन शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस आरोपी सोमनाथ ध्रुव पिता रामधर ध्रुव (35 वर्ष) कौहाकुडा थाना तेंदूकोना के कब्जे से 23 पौवा देशी प्लेन रोमियो शराब कीमत 1840 रुपए को बरामद कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

महिला के साथ पति ने की मारपीट

महासमुंद। महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को पूजा सागर पति राजेश सागर (23 वर्ष) जमड़ी थाना बसना हाल निवास जोगनीपाली थाना सरायपाली जिला ने बताया 06 अप्रैल को सुबह करीब 8:30 बजे वह ग्राम जमड़ी में घर में थी, तभी उसके पति राजेश सागर द्वारा पारिवारिक बातों को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# भीषण गर्मी में महतारी वंदन योजना की ई-केवाईसी के लिए महिलाओं का संघर्ष

## खातों अपडेट कराने के लिए बैंकों और च्वाइस सेंटरों के चक्कर काट रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तपती दोपहरी और बढ़ते तापमान के बीच ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं अपने बैंक खातों को अपडेट कराने के लिए बैंकों और च्वाइस सेंटरों के चक्कर काट रही हैं। शासन द्वारा महतारी वंदन योजना का लाभ निरंतर जारी रखने अब ई-केवायसी को अनिवार्य कर दिया है जिसके बाद से बैंकों और च्वाईस सेंटरों में महिलाओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

महिलाओं की मानें तो वे अपने घर का काम छोड़कर सुबह 10 बजे से बैंक पहुंच रही हैं। लेकिन, भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। योजना के तहत ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बैंकों द्वारा मुख्य रूप से तीन दस्तावेजों की मांग की जा रही है बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड (आवश्यकतानुसार) इन दस्तावेजों के साथ महिलाओं को पहले एक फॉर्म भरना पड़ता है,

जिसे बैंक कर्मचारी के पास जमा करने के बाद बायोमेट्रिक या अन्य माध्यमों से केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जाती है। जिले में महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 3 लाख 26 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हैं।

### सर्वर डाउन होने से बढ़ी मुसीबत

महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या बैंक का सर्वर डाउन होना है। कई बार घंटों लाइन में लगने के बाद जब महिला का नंबर आता है, तब सर्वर काम करना बंद कर देता है। ऐसी स्थिति में उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है या अगले दिन फिर से आने को मजबूर होना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी कष्टदायक है, क्योंकि उन्हें आने-जाने में पैसा और समय दोनों खर्च करना पड़ता है।



### मैदानी अमले को निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी इस कार्य में लगाया है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं को केवाईसी कराने के लिए जागरूक कर रही हैं और उन्हें प्रक्रिया की जानकारी दे रही हैं। हालांकि, बैंकों में सीमित काउंटर और बढ़ती भीड़ के कारण व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हो रही हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि केवाईसी के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं या पंचायतों में शिविर लगाकर इस कार्य को पूरा किया जाए ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में परेशान न होना पड़े।

**मनमानी:** जंगल कट कर खपर रहे इन भट्ठों में, विभागीय कार्रवाई लगभग शून्य

# नदी-नालों के किनारे अवैध ईंट भट्ठों के संचालन से राजस्व की हानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में संचालित ईंट भट्ठों की संख्या वैध लायसेंस धारी संचालकों की संख्या से काफी अधिक है। दरअसल, विभागीय रिकार्ड में केवल 10 वैध संचालक हैं जबकि केवल महासमुंद क्षेत्र और नदी नालों के आसपास के इलाकों में ही यह संख्या 200 के पार जा रही है।

जिला मुख्यालय के पास स्थित ग्राम कनेकेरा और आसपास के इलाकों में अवैध तौर पर ईंट भट्ठे का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। यहां बघनई नदी के बहाव क्षेत्र के भीतर ही बड़े पैमाने पर ईंटों का निर्माण किया जा रहा है। इन अवैध संचालकों द्वारा नदी के किनारे ही ईंटें सुखाने और पकाने का काम शुरू कर दिया गया है। और तो और ईंट पकाने के लिए ईंधन के तौर पर लकड़ियां खरीदी नही बल्कि जंगल के पेड़ काटे जा रहे हैं। ईंट निर्माण के लिए नदी क्षेत्र में मजदूरों की झोपड़ियां बनाकर एक पूरी बस्ती बसा दी गई है। ग्राम पंचायत कनेकेरा सहित आसपास के अन्य पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि यह काम पिछले चार महीनों से बिना किसी अनुमति के चल रहा है, फिर भी संबंधित विभाग द्वारा अब तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है।



### होगी कार्रवाई

इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी फागुलाल नेताम का कहना है कि विभाग के पास केवल चिमनी वाले भट्ठों की जानकारी है जिनके पास लाइसेंस है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही अवैध ईंट निर्माण करने वालों की जांच कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लाइसेंस केवल 10 के पास, चल रहे हैं 100 से अधिक भट्ठे

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरे जिले में केवल 10 चिमनी ईंट भट्ठी संचालकों के पास वैध लाइसेंस है। इसके विपरीत, जिले के विभिन्न क्षेत्रों जैसे नवागांव, भलेसर, शेर, मोंगरा, और खैराभाठा में 100 से अधिक अवैध भट्ठे संचालित हो रहे हैं। इन अवैध गतिविधियों से न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

### पर्यावरण मानकों और एनजीटी के नियमों का उल्लंघन

एनजीटी और पर्यावरण मानकों के अनुसार, ईंट भट्ठे की दूरी प्राकृतिक जल स्रोत या नदी से कम से कम 500 मीटर होनी चाहिए। इसके बावजूद, महासमुंद में कई लाइसेंसी और गैर-लाइसेंसी भट्ठे सीधे नदी के किनारे या जल प्रवाह क्षेत्र में स्थापित हैं। नियमों के मुताबिक ईंट निर्माण के लिए शर्तें अनिवार्य हैं जिसमें खनिज विभाग से उत्खनन और राजस्व विभाग से भूमि डायवर्सन की अनुमति, पर्यावरण संरक्षण मंडल से कंसेंट टू ऑपरेट प्रमाण पत्र सहित अन्य शर्तें शामिल हैं।

## खड़गे के लिए सरमा के भाषा को बताया अमर्यादित, फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा की गई कथित अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में देश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है तथा देशभर में इसका कड़ा विरोध हो रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया गया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा ने मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया, जो न केवल एक वरिष्ठ नेता बल्कि देश के करोड़ों दलितों का भी अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को अपने बयान के लिए तत्काल माफी मांगनी चाहिए।

### यह रहे प्रदर्शन के दौरान मौजूद

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में हुए पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ग्रामीण अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, झलप-पटेवा ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, खेमराज सिन्हा, देवनाथ साहू, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, भूपेंद्र ठाकुर, गणेश शर्मा, जिला महामंत्री लक्ष्मण पटेल, दाऊलाल चंद्राकर, मोहित ध्रुव, समीम खान, विजय बंजारे, हीरा बंजारे, संजय शर्मा, जसबीर ढिल्लो, अमर चंद्राकर, डॉ एजाज नकवी, नितेंद्र बैनर्जी, डॉ तरुण साहू, लक्ष्मी देवांगन, ममता चंद्राकर, ब्रिजेन बंजारे, दशोदा ध्रुव, साक्षी ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, गिरीश पटेल, देवेश शर्मा, मेहुल सूचक, तबरेज खान, राजेश नेताम, अरिन चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, लीलू साहू, गंगाराम पटेल, भोलेनाथ गंधर्व, संतोष धीवर, मानिकराम साहू, शाहबाज राजवानी, बिट्टू साहू, तिकेश्वर दारा साहु, अनिश राजवानी, शहजान पाशा, मुकुंद सिन्हा, वाजिद खान, हार्दिक सोना, भरत ठाकुर, हर्षित चंद्राकर, राजू साहू, खोम सिन्हा, लेड़गा राम साहू, रौशन पटेल, आलोक नायक, जगत देवदास, लोकेश साहू, मंसूर खान आदि उपस्थित थे।

## अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर कड़ी कार्रवाई, दो टीपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में हो ही कार्रवाई के क्रम में अछोली क्षेत्र के भ्रमण के दौरान टीम ने भोरिंग के पास फर्शी पत्थर से भरे दो टीपर वाहनों को रोककर जांच की।

जांच के दौरान टीपर मालिक शकुन साहू निवासी बोरसी एवं टीपर क्रमांक मालिक सोनू अग्रवाल निवासी महासमुंद के पास वैध अभिवहन पास नहीं पाया गया। इस पर दोनों वाहनों को जब्त कर तुमगांव पुलिस की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र कुमार साहू, सिपाही मनोज निर्मलकर, प्रशांत कालू एवं मनीष ढीढी उपस्थित रहे। खनिज अधिकारी फगुलाल नागेश ने बताया कि बिना ई-अभिवहन पास के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## खल्लारी में लो-वोल्टेज से परेशानी: द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित होना गंभीर परेशानी का कारण बन गया है।

अप्रैल महीने की शुरुआत से ही बिजली विभाग का रोस्टर पूरी तरह विफल नजर आ रहा है, जिसके चलते कई क्षेत्रों में घंटों अघोषित बिजली कटौती हो रही है।

विधायक यादव ने बताया कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कोमाखान, टेका, डोंगरगांव, चारभांठा, सालड़बरी, बोडरीदादर, खट्टी, मोंगरपाली, नवागांव, सोहागपुर सहित कई गांवों में बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई स्थानों पर पुराने ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण बार-बार खराब हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि बिजली व्यवस्था की बदहाल स्थिति का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। सिंचाई के लिए पंप नहीं चल पाने के कारण फसलें सूखने का खतरा उत्पन्न हो गया है।



### विधायक ने उठाया विधानसभा में मुद्दा

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इस गंभीर समस्या को छत्तीसगढ़ विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जिले में ट्रांसफार्मर की कमी, लो-वोल्टेज और बिजली आपूर्ति में अनियमितता का मुद्दा सदन के सामने रखा। सदन में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए जवाब में कहा गया कि जिले में सामान्यतः बिजली आपूर्ति में कोई विशेष समस्या नहीं है और आवश्यकतानुसार ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के इस जवाब पर विधायक ने असहमति जताते हुए इसे पूरी तरह असंतोषजनक बताया।

# अब खेती के लिए मिलेगा 70 प्रतिशत नगद कर्ज, समितियों में जमा करने होंगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऋण वितरण की नई नीति घोषित कर दी है। इस नई नीति से जिले के हजारों किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है। अब किसानों को मिलने वाले कुल कर्ज में नगद राशि का हिस्सा बढ़ा दिया गया है।

बैंक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब किसानों को उनके स्वीकृत ऋण का 70 प्रतिशत हिस्सा नगद के रूप में दिया जाएगा। बाकी 30 प्रतिशत हिस्सा खाद, बीज और कीटनाशक जैसी वस्तुओं के रूप में मिलेगा। इससे पहले तक किसानों को केवल 60 प्रतिशत नगद और 40 प्रतिशत वस्तु के रूप में ऋण मिलता था। नगद राशि बढ़ने से किसानों को फसल की जुताई, मजदूरी भुगतान और खेती से जुड़े अन्य खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ऋण प्राप्त करने के लिए किसानों को अपनी संबंधित सहकारी समिति मेंनिम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगे जिसमें बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड (पासबुक), चेकबुक इन दस्तावेजों के आधार पर ही बैंक ऋण की स्वीकृति देगा। समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों का विवरण जल्द से जल्द बैंक शाखाओं में भेजें ताकि राशि वितरण में देरी न हो।




### किसानों को कितना मिलेगा लाभ

धान की सिंचित खेती के लिए 66,000 रुपए प्रति हेक्टेयर और असिंचित खेती के लिए 49,500 रुपए प्रति हेक्टेयर की ऋण सीमा तय की गई है। 70-30 के नए फार्मूले के हिसाब से अगर किसी किसान को 66,000 रुपए का ऋण स्वीकृत होता है, तो उसे लगभग 46,200 रुपये नगद मिलेंगे और बाकी 19,800 रुपए का सामान (खाद-बीज) दिया जाएगा।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद
मो. 9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बलौदा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को अवैध महुआ शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा है। 9 अप्रैल को बलौदा पुलिस को सूचना मिली कि हरीबनपुर से बलौदा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से एक मोटरसाइकिल पर अवैध शराब ले जाई जा रही है। इस जानकारी पर पुलिस टीम ने तत्काल मार्ग पर नाकाबंदी की। हुलिए के आधार पर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 8 प्लास्टिक थैलों में कुल 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिसमें कमलेश प्रधान (25 वर्ष), निवासी ग्राम अरतुन्डा, टेकचंद साहू (25 वर्ष), निवासी ग्राम अरतुन्डा शामिल है। इनके पास से 40 लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 8,000 रुपये, सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीएन 6871 कीमत लगभग 25,000 रुपये को जप्त किया हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है।

### हत्या की कोशिश के फरार आरोपी के खिलाफ इनाम की घोषणा

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में हत्या की कोशिश सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज अपराध के फरार आरोपी के खिलाफ कोर्ट के निर्देश पर रायपुर पश्चिम के डीसीपी संदीप पटेल ने पांच सौ रुपए इनाम की घोषणा की है। डीसीपी ने महावीर नगर, शिव वाटिका गुरुनानक पार्क निवासी रंजीत सिंह गिल के खिलाफ इनाम की घोषणा की है। रंजीत पर आरोप है कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति पर 16 अगस्त 2025 को जानलेवा हमला किया था। घटना के एक साल बाद भी आरोपी के पकड़े नहीं जाने पर पुलिस ने उसके लिए इनाम की घोषणा की है।

### कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात मोबाइल कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला करने के संदेह में पुलिस ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। गोविंद रचलानी की शिकायत पर पुलिस ने अनुज सिंह तथा नवीन पैंकरा को गिरफ्तार किया है। कारोबारी अपनी एक परिचित युवती के साथ दो अलग-अलग दोपहिया पर सवार होकर श्यामनगर के रास्ते जा रहे थे। इस दौरान दोनों बदमाशों ने युवती के साथ गाली-गलौज की। कारोबारी के विरोध करने पर बदमाश, गोविंद पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए थे। बदमाशों को पुलिस ने घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

### बुजुर्गों को पालिका लाने ले जाने चलेगी महतारी एक्सप्रेस

# मुक्तिधामों में शवदाह के लिए नपा करेगी नि:शुल्क लकड़ी व कंडे की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में परिषद की बैठक के दौरान पालिका के वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश किया गया। पालिका अध्यक्ष साहू ने अनुमानित राशि 93 करोड़ 76 लाख 81 हज़ार का बजट प्रस्तुत करते हुए नागरिक सुविधाओं पर विशेष फोकस किया है। पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने साफ संकेत दिया है कि नगर पालिका शहर की जनता की सुविधाओं और विकास पर केंद्रित होकर काम करेगा। जिन योजनाओं पर अमल किया जा सकता है, उन प्रमुख विषयों को प्राथमिकता दी गई है। पालिका अध्यक्ष श्री साहू द्वारा प्रस्तुत यह बजट बुजुर्गों, गरीबों के हित तथा शहर के बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक बजट के रूप में देखा जा रहा है।

आज के बजट में नगर के तीनों मुक्तिधामों में शवदाह के लिए नि:शुल्क लकड़ी एवं कंडे की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इस पहल से गरीब शोकग्रस्त परिवारों को संबल मिलेगा। इसके अलावा नपाध्यक्ष ने नगर के विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए बजट में शामिल किया है। जिसमें प्रमुख रूप से नगर में पशुओं की सेवा के लिए पालिका द्वारा नि:शुल्क गौ सेवा रथ (वाहन) प्रारंभ करने, बुजुर्गों को पालिका कार्यालय तक आवागमन के लिए महतारी एक्सप्रेस की व्यवस्था, विठोबा टॉकीज के सामने माकड़े दुकान के पास भव्य महामाया प्रवेश द्वार निर्माण, संजय कानन के सामने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण, कांग्रेस भवन के बाजू पुराना पानी टंकी के पास व्यावसायिक कॉम्लेक्स निर्माण, पालिका दफ्तर में नागरिक सुविधा केंद्र, राजस्व भवन निर्माण, गुरु गोविंद सिंह उद्यान का उन्नयन एवं उद्यान में शहीदएआजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना, पालिका कार्यालय में ई ऑफिस की व्यवस्था, सुभाष नगर व पिटियाझर बस्तियों के मध्य मुक्तिधाम निर्माण, नयापारा के सभी स्लम एरिया में ट्यूबलर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था आदि सहित कुल 19 बड़े कार्यों के लिए 93 करोड़ 76 लाख 81 हज़ार रुपए का अनुमानित बजट पेश किया गया है।



इस अवसर पर नपाध्यक्ष साहू सहित नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय कुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद राहुल आवड़े, सीता टोंडेकर, विकी मुस्ताक खान, जरीना हाफिज कुरैशी, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, नीरज चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती चंद्राकर, पवन पटेल, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी, महेंद्र जैन, हाफिज कुरैशी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिना मान्यता संचालित एके स्मार्ट स्कूल का सत्र 2026-27 से संचालन बंद करने के निर्देश

फालोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में विकासखंड पिथौरा के ग्राम बिजेमाल में संचालित एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के विरुद्ध बिना मान्यता संचालन, छात्रों को टीसी एवं अंकसूची जारी करने संबंधी शिकायत पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर आगामी शिक्षण सत्र 2026-27 से अमान्यता प्राप्त संचालित शाला एके स्मार्ट स्कूल संचालक को स्कूल संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं तथा विद्यार्थियों को निकट के शासकीय मान्यता प्राप्त शालाओं में प्रवेश दिलाने के लिए पालकों को अवगत कराने कहा गया है।

इस संबंध में स्कूल संचालक द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट अपील मान्यता के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा के प्रारूप क में हस्ताक्षर हेतु दायर किया गया था। आदेशानुसार संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें पाया गया कि ग्राम बिजेमाल में संचालित एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल का भवन निर्माण कार्य अभी तक अपूर्ण है।

### स्कूल को अब मान्यता नहीं

शाला को अब तक मान्यता प्राप्त नहीं होने के कारण बच्चों से लिए जा रहे फीस व शिक्षकों के वेतन से संबंधित आवश्यक ऑडिट दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय विवादित भूमि पर संचालित हो रहा है तथा बच्चों के लिए अतिआवश्यक संसाधन का अभाव है। फलस्वरूप अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा से प्रारूप क हस्ताक्षरित प्राप्त नहीं होने पर एवं सत्यापित शपथ पत्र अप्राप्त होने पर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय को मान्यता प्रदान किया जाना संभव नहीं है।

# दरबेकेरा लिफ्ट सिंचाई योजना से 227 किसानों को मिला बड़ा लाभ

## जिले के 240 हेक्टेयर अतिरिक्त रकबा हुआ सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से महासमुंद संभाग अंतर्गत दरबेकेरा लिफ्ट सिंचाई योजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के चार ग्रामों के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि की नई संभावनाएं बनी हैं।

अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग बागबाहरा ने बताया कि योजना के तहत ग्राम दरबेकेरा, कोमाखन, कुलिया एवं लामीसरार को लाभान्वित किया गया है। प्रत्येक ग्राम में 60-60 हेक्टेयर के हिसाब से कुल 240 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचित रकबा सृजित किया गया है। इस योजना से कुल 227 किसान लाभान्वित हुए हैं, जिनमें ग्राम दरबेकेरा के 87, कोमाखान के 55, कुलिया के 44 एवं लामीसरार के 41 किसान शामिल हैं।

### इंटेक वेल का निर्माण किया गया

परियोजना के तकनीकी घटकों के अंतर्गत दोनों ओर इंटेक वेल का निर्माण किया गया है। प्रत्येक स्थल पर 40 हॉर्स पावर क्षमता के तीन-तीन पंप स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से पाइपलाइन द्वारा सीधे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। किसानों में आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण हॉल का निर्माण भी किया गया है। साथ ही 20 एकड़ क्षेत्र में इन-फील्ड डेमोस्ट्रेशन प्लॉट विकसित किए गए हैं, जहां किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। योजना से लाभान्वित चारों ग्रामों के हितग्राहियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त करते हुए जल संसाधन विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है।

# राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत 371 ग्रामों में लगे शिविर

## कुल 2771 आवेदन प्राप्त, 2295 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा का आयोजन इस माह 15 अप्रैल तक किया जाना है। इसी क्रम में यह अभियान 01 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया।

इस दौरान जिले के कुल 371 ग्रामों में शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविरों में कुल 2771 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2295 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया एवं 476 लंबित है। शिविरों में मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण किया गया।



संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर समस्याओं का समाधान किया गया। राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम भलेसर, अरंड शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम झलप, खल्लारी, अनसुला, बगारपाली, घोंच एवं ग्राम केंदुवा में शिविर का आयोजन किया गया। जहां पात्र हितग्राहियों को नामांतरण आदेश, सीमांकन पत्र, ऋण पुस्तिका, नक्शा प्रतिलिपि सहित अन्य आवश्यक राजस्व दस्तावेजों का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। शिविर में पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्व पखवाड़ा का आगामी आयोजन मई माह में 4 से 18 मई तक एवं जून में 1 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी लंबित मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व अमले को निर्देश दिए कि वे आमजन से संवेदनशीलता के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं तत्परता बनाए रखें।

# नवकिरण में कैरियर गाइडेंस सह सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी में 10 अप्रैल 2026 को कैरियर गाइडेंस सह सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवचयनित आईएएस अधिकारी संजय कुमार डहरिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

अपने उद्बोधन में संजय डहरिया ने नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए समय प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने की सलाह दी, जिससे करेंट अफेयर्स की जानकारी सुदृढ़ हो सके। साथ ही उन्होंने यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि मुख्य परीक्षा की तैयारी पहले से की जाए तो प्रारंभिक परीक्षा अपेक्षाकृत आसान हो जाती है। उन्होंने मुख्य परीक्षा के दौरान आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला तथा पढ़ाई में आने वाली समस्याओं के समाधान के उपाय बताए। उनके मार्गदर्शन से अभ्यर्थी काफी प्रेरित हुए और अनेक छात्रों ने उनसे प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में सहायक वक्ता के रूप में सुरेंद्र मानिकपुरी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था का प्रतिवेदन



जिला समन्वयक डी. बसंत साव द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें नवकिरण अकादमी की उपलब्धियों को साझा किया गया। उन्होंने बताया कि अल्प समय में 139 विद्यार्थियों का विभिन्न पदों पर चयन होना नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय की बड़ी सफलता है। नवकिरण अकादमी जिले में सफलता का पर्याय बनती जा रही है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभागियों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। अब उन्हें अध्ययन सामग्री के लिए रायपुर या बिलासपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। ई-लाइब्रेरी एवं इंटरनेट की सुविधा भी विद्यार्थियों के अध्ययन में सहायक सिद्ध हो रही है। अकादमी के ग्रंथालय में लगभग 10,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही मासिक पत्र-पत्रिकाएं एवं दैनिक समाचार पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध हैं, जिसका लाभ पाठकों को मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, गायत्री चंद्राकर, यश चक्रधारी, भागवत पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कुमार, रितेश नायक, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार की जनहित की योजनाओं से जनता संतुष्ट -प्रदीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा की स्थापना दिवस से प्रारंभ हुए भाजपा के वार्ड चलो अभियान के तहत शहर मंडल के वार्ड 4, 5, 6 में मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, महामंत्री पूर्व पार्षद मीना वर्मा की उपस्थिति में घर-घर जनसंपर्क करते हुए भाजपा के केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने स्थानीय नागरिकों से भाजपा सरकार के महती योजना प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, खाद्यन्न वितरण और निराश्रित पेंशन, स्मार्ट कार्ड और मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रत्यक्ष चर्चा की।

भाजपा नेत्री मीना वर्मा ने महतारी वंदन योजना से जुड़ी केवाईसी के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनहित के लिए संकल्पित और समर्पित है। वार्ड में जनसम्पर्क के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक महत्वपूर्ण स्थलों में स्वच्छता अभियान चलकर स्वच्छता के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। वार्ड चलो अभियान के तहत हुए जनसंपर्क के अवसर पर प्रमुख रूप से इन वार्डों के शक्ति केंद्र प्रभारी गोपाल वर्मा, पार्षद सीता डोंडेकर, बूथ अध्यक्ष भगवती करकसे, ललित मांझी, दुर्गा सार्वा, पुष्पांजलि सिन्हा, पंकज कसना, समसु खान, किशन बरिहा, अनिता ठाकुर, दशोदा नाग, झम्मन साहू, जयंती साहू सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सशक्त और शिक्षित युवा पीढ़ी ही देश का वास्तविक भविष्य- उपोवेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न जनसंपर्क एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में 'हॉस्टल संपर्क अभियान' के अंतर्गत सरायपाली मंडल युवा मोर्चा द्वारा एक प्रभावी एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुटेला स्थित आकाश हॉस्टल में पहुँचकर युवा साथियों से आत्मीय संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ना रहा। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी युवाओं को दी और उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही युवाओं की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया।

### उपेक्षा पर खरा उतरने का प्रयास

संबंधित मुद्दों के त्वरित समाधान हेतु आश्वासन देते हुए कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं के हितों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उब्बेजा, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्ण सिंह सलूजा, मंडल महामंत्री विदित धनानिया, मंडल मीडिया प्रभारी मुरलीधर नायक, भाजपा नेता गजेंद्र ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवा जायसवाल सहित युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता अमन ठाकुर एवं युगांत मीरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं को राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# पिथौरा में व्यापारियों के लिए लगा गुमास्ता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर पंचायत द्वारा स्थानीय व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुमास्ता एवं व्यापार अनुज्ञापन पंजीयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस शिविर में व्यापारियों ने पहुंचकर अपने प्रतिष्ठानों का पंजीयन कराया और व्यापार अनुज्ञापन बनवाया। शिविर के माध्यम से व्यापारियों को एक ही स्थान पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा प्रदान की गई, जिससे उन्हें अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। नगर पंचायत द्वारा पूर्व में ही सभी व्यापारी बंधुओं से अपील की गई थी कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते अपना पंजीयन सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी असुविधा का सामना न करना पड़े। शिविर में पहुंचे व्यापारियों के दस्तावेजों की जांच अधिकारियों द्वारा मौके पर ही की गई तथा पात्र आवेदकों का तत्काल पंजीयन कर उन्हें प्रमाण पत्र जारी किए गए। इससे व्यापारियों में संतोष देखा गया और उन्होंने इस पहल की सराहना की। शिविर के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) बिरझुराम सोनबेर, व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के हाथों पंजीयन प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा की पहल पर इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को सहज और त्वरित रूप से व्यापार अनुज्ञापन उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर पार्षद राजू सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि पुष्पराज गजेंद्र, किशोर पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### सरायपाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत चकरदा की महिला किसान हरिता बनीं बदलाव की मिसाल

**सरायपाली।** जिले के सरायपाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चकरदा की प्रगतिशील महिला किसान हरिता पटेल (पिता जगदीश पटेल) आज खेती में नवाचार और आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल बन गई हैं। लगातार कई वर्षों तक धान की खेती में नुकसान और समय पर सिंचाई के अभाव ने उन्हें आर्थिक संकट में डाल दिया था। धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता और गिरते जलस्तर के कारण फसल बार-बार खराब हो रही थी। ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में उन्होंने हार मानने के बजाय अपनी सोच और खेती के तरीके को बदलने का साहसिक निर्णय लिया। जल संकट को ध्यान में रखते हुए हरिता पटेल ने लगभग 5 एकड़ कृषि भूमि में कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों की खेती शुरू की। उन्होंने धनिया, सरसों, मूंगफली, टमाटर, तुरई, बैंगन, भुट्टा, मूंग और उड़द जैसी सूखा सहनशील फसलों को अपनाया। विशेष रूप से रबी सीजन में किए गए इस प्रयोग ने उन्हें बेहतर परिणाम दिए हैं। हरिता पटेल बताती हैं-"धान की तुलना में सूखा फसलों में लागत कम आती है और जोखिम भी कम रहता है। कम पानी में अच्छी पैदावार मिल रही है, जिससे हमारी आय में वृद्धि हुई है और आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।" आज उनकी यह पहल न केवल जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों—विशेषकर महिला किसानों-के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, बदलते मौसम, अनिश्चित वर्षा और गिरते जलस्तर के दौर में फसल विविधीकरण ही सुरक्षित और टिकाऊ खेती का भविष्य है। हरिता पटेल ने इस सोच को अपनाकर यह साबित कर दिया है कि सही योजना, मेहनत और नवाचार से खेती में नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। आज हरिता पटेल का नाम पूरे क्षेत्र में एक प्रगतिशील महिला किसान के रूप में सम्मान के साथ लिया जा रहा है। यह कहानी सिर्फ खेती की नहीं, बल्कि हिम्मत, समझदारी और महिला सशक्तिकरण की सच्ची मिसाल है।





### सांसद प्रतिनिधि बनने पर महेंद्र का स्वागत

**महासमुंद।** सांसद रूपकुमारी चौधरी के द्वारा नगर पालिका परिषद में सांसद प्रतिनिधि की नियुक्त कए जाने के बाद महेंद्र जैन के परिषद की बैठक में प्रथम बार आने पर नगर पलिका उपाध्यक्ष कक्ष में स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी,पूर्व नपाध्यक्ष व पार्षद पवन पटेल पार्षदगण सीता तोंडेकर,जरीना हफीज कुरैशी, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यद्धु, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजू चंद्राकर, भाउराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी मुन्ना देवार उपस्थित थे। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सांसद प्रतिनिधि की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा की सांसद की ओर से पालिका को प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है, इससे पार्षदों की ताकत बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोमाखान के महामंत्री बने तूफान

**नर्रा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोमाखान ने घोयनाबाहरा निवासी तूफान दीवान को महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने अपनी नई



जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने की प्रतिबद्धता जताई है। दीवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और जन सेवा कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्वरिकाधीश यादव ने इस संदर्भ में कहा कि संगठन में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए योग्य एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने ने विश्वास व्यक्त किया कि इससे पार्टी की जमीनी स्तर और मजबूत होगी। ब्लाक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री संतोष पटेल ने भी दीवान को महामंत्री बनाये जाने पर हर्ष जताते हुए कहा कि वे संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए मिलकर कार्य करेंगे। कार्यकर्ताओं ने आशा जताई कि नई टीम के साथ कोमाखान क्षेत्र में कांग्रेस और अधिक सशक्त रूप में उभरेगी।



### एकता चौक से शिव चौक तक वर्षों पुरानी नाली की सफाई

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 7-8 में लंबे समय से उपेक्षित पड़ी नाली की समस्या का समाधान करते हुए एकता चौक से शिव चौक मार्ग तक वर्षों से जाम और गंदगी से भरी नाली की व्यापक साफ-सफाई कराई गई, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। वर्षों से नाली में जमी गाद और कचरे के कारण जलभराव, बदबू और मच्छरों की समस्या बनी हुई थी। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायत और मांग किए जाने के बाद पार्षद मुस्ताक ख़ान (विक्की) ने पहल करते हुए सफाई अभियान शुरू कराया। इस अभियान के तहत नाली की पूरी तरह सफाई कर पानी की निकासी को सुचारु किया गया। पार्षद मुस्ताक ख़ान ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

### मोहल्ले में नशा करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक युवक ने दो बदमाशों के खिलाफ मोहल्ले में नशा करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मौलीपारा निवासी शंकर यादव ने मोनू खान, गोलू उड़िया के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया है कि मोहल्ले में दोनों बदमाश नशा कर रहे थे, जहां बदमाश नशा कर रहे थे, उस क्षेत्र से महिलाएं आवाजाही करने से डर रही थीं।

# संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर मजबूती के लिए कांग्रेसियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी तथा वार्ड कमेटी के गठन की समीक्षा बैठक कांग्रेस भवन में हुई। यह बैठक महासमुंद विधानसभा स्तरीय थी। जिसमें तीनों ब्लॉक के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ और पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटियों का गठन की प्रक्रिया की समीक्षा करना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना था।

जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों के अनुसार सभी जिलों को तय समय सीमा के अंदर पंचायत और बूथ स्तर की सभी कमेटियों का गठन पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में विधायक यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत बूथ संगठन ही आगामी चुनावों में सफलता का आधार बनेगा। विधायक यादव ने कहा कि आप सभी को यह जानकर बहुत खुशी होगी कि महासमुंद बूथ गठन के मामले में वर्तमान में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह आपकी टीम की मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है। निश्चित रूप से यदि आप और आपकी पूरी टीम इसी तरह 'पुरजोर मेहनत' जारी रखती है, तो 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर हम प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर सकते है। उन्होंने जन समस्याओं के समाधान में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया।

समीक्षा बैठक के दौरान अपने-अपने ब्लॉक में बूथ कमेटी तथा पंचायत कमेटी का गठन पूर्ण कर चुके कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा तथा बागबाहरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू का सम्मान जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। साथ ही तीकेश्वर दारा साहू, मायाराम टंडन तथा गजाधर धीवर का भी अपने-अपने सेक्टर में बूथ तथा पंचायत कमेटी का गठन पूर्ण के लिए सम्मान किया गया। शेष पदाधिकारियों को भी जल्द से जल्द गठन प्रक्रिया पूर्ण करने कहा गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष




डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर आदि ने भी संबोधित किया। बैठक के दौरान पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा की। बैठक में अमरजीत चावला ने सरमा के बयान को 'दलित विरोधी' और 'लोकतंत्र के खिलाफ' बताते हुए निंदा प्रस्ताव पेश किया, जिसका सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने समर्थन किया।

बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, ग्रामीण अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, झलप-पटेवा ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, खेमराज सिन्हा, देवनाथ साहू, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, भूपेन्द्र ठाकुर, गणेश शर्मा, जिला महामंत्री लक्ष्मण पटेल, दाऊलाल चंद्राकर, मोहित ध्रुव, समीम खान, विजय बंजारे, हीरा बंजारे, संजय शर्मा, जसबीर ढिल्लो, अमर चंद्राकर, डॉ एजाज नकवी, नितेंद्र बैनर्जी, डॉ तरुण साहू, लक्ष्मी देवांगन, ममता चंद्राकर, ब्रिजेन बंजारे, दशोदा ध्रुव, साक्षी ध्रुव, गिरीश पटेल, देवेश शर्मा, तबरेज खान, राजेश नेताम, अरिन चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, लीलू साहू, गंगाराम पटेल, भोलेनाथ गंधर्व, संतोष धीवर, शाहबाज राजवानी, मनोहर ठाकुर, तिलेश्वर दारा साहू, अनिश राजवानी, शहजान पाशा, मुकुंद सिन्हा, वाजिद खान, हार्दिक सोना, जावेद चौहान, भरत ठाकुर, हर्षित चंद्राकर, राजू साहू, खोम सिंहा, लेढगा राम साहू, रौशन पटेल, आलोक नायक, जगत देवदास, लोकेश साहू, मंसूर खान आदि उपस्थित थे।

### राइस मिलर्स को चावल शीघ्र जमा कराने के साथ ही यूरिया को लेकर जारी किए दिशा-निर्देश

# कलेक्टर लंगेह ने राइस मिलर्स की बैठक लेकर 15 तक धान उठाव के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान उठाव के संबंध में राइस मिलर्स एवं सहकारी बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में सुगम तरीके से धान उठाव के लिए निर्देशानुसार कार्य करने कहा है। बैठक में बताया गया कि जिले में 195 रजिस्टर्ड राइस मिलर्स है। उन्होंने सभी राइस मिलर्स को कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, जिला प्रबंधक (नान) विनोद बोधिचा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा एवं राइस मिलर्स मौजूद थे।




कलेक्टर विनय लंगेह ने शुक्रवा की शाम राइस मिलर्स की बैठक लेकर तेजी से उठाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उठाव अंतिम चरण में है, ऐसे में राइस मिलर्स तेजी के साथ उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने 15 अप्रैल तक समितियों में शेष धान 21 हजार मीट्रिक टन धान के उठाव के निर्देश दिए हैं। साथ ही एफसीआई और नान को चावल जमा करने के निर्देश दिए गए। ऐसे राइस मिलर जिनके द्वारा वर्ष 2024-25 का चावल जमा करने में विलंब किया जा रहा है, ऐसे मिलरों को कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया है कि शेष चावल शीघ्र ही जमा करें अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे मिलर जिनके द्वारा 20 से अधिक दिनों तक आबंटित स्टेक पूर्ण नहीं किया गया है उन्हें भी शीघ्र ही स्टेक पूर्ण करने कलेक्टर ने निर्देशित किया गया। उपार्जन केंद्रों में जिन मिलरों का डीओ जारी हुआ है उन्हें भी एक सप्ताह के अंदर धान का उठाव करने कहा गया।

कलेक्टर ने मिलरों को वर्ष 2024-25 का चावल शासन द्वारा निर्धारित तिथि 30 अप्रैल 2026 तक जमा करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को समितियों में शेष बचे धान को उठाव के निर्देश दिए गए। प्रबंधकों को यूरिया के भंडारण के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा यूरिया के अवैध परिवहन और विक्रय पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पोर्टल में एंट्री करने के पश्चात ही वितरण के निर्देश दिए गए हैं। यूरिया का वितरण पॉस मशीन से ही किया जाए।

# पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन कल

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद द्वारा 12 अप्रैल रविवार को प्रातः 10 बजे से स्थानीय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य अतिथि में विशाल प्रांतीय पेंशनर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में प्रदेशभर के प्रमुख प्रांतीय पदाधिकारी, जिला/तहसील अध्यक्ष, प्रतिनिधि एवं पेंशनर बड़ी संख्या में भाग लेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पेंशनरों की एकजुटता का प्रदर्शन, पेंशनर जगत की समस्याओं की ओर ध्यानाकृष्ट कराना तथा सांगठनिक चर्चा करना है। सम्मेलन में 80 वर्ष या 80 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों तथा पेंशनर्स एसोसिएशन के नए सदस्यों का विशेष स्वागत किया जाएगा तथा अन्य मंचीय कार्यक्रम एवं उद्बोधन होगा। सम्मेलन में अन्य जिले से आये अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था की गई है। अतिविशिष्ट अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुन्द, निखिलकांत साहू-अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, येतराम साहू जिला भाजपा अध्यक्ष, अध्यक्षता यशवंत देवांगन प्रांताध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश, विशिष्ट अतिथि भैयाराम चंद्राकर प्रांतीय महामंत्री, आरडी साहू जिला अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद तथा समस्त प्रांतीय पदाधिकारी जिला/तहसील अध्यक्ष मंचासीन होंगें। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार साहू, कार्यकारी जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम शर्मा, सचिव शिवकुमार साहू, उपाध्यक्ष गोर्वधन साहू, चंद्रबदन मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आर साहू, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन सचिव भूषण भोसले, चमनलाल साहू, कार्यकारिणी सदस्य नेहरू साहू, एनके शर्मा, डीएन बिसेन, ज्ञानसिंह चंदेल, जगदीश ध्रुव, मीडिया प्रभारी अश्वनी शर्मा, बोधनलाल साहू, संतूराम साहू, भगत साहू, वरिष्ठ सदस्यगण एलएन शर्मा, आरके श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, रूपचंद वर्मा, विष्णु प्रसाद साहू सहित अनेक पेंशनरो ने सभी पेंशनरों को सम्मेलन में अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# मार्च में राशन से वंचित उपभोक्ताओं को 4 माह का राशन दें

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे चावल उत्सव को सस्ता प्रचार माध्यम बताते हुए कहा कि अप्रैल माह में एकमुश्त तीन माह का चावल प्रदान करने की बात सरकार कर रही है।

जबकि, शहर के सैकड़ों हितग्राहियों को मार्च महीने का चावल नहीं मिल पाया है। मार्च महीने में साफ्टवेयर अपडेट तथा केवायसी अपडेट के बहाने चावल वितरण प्रभावित हुआ था। ऐसे अनेक गरीब बीपीएल हितग्राही परिवार हैं, जिनके परिवार के एक या दो सदस्य के केवायसी अपडेट नहीं होने पर उनका चावल रोक दिया गया। उसके बाद साफ्टवेयर अपडेट के नाम पर लगभग सप्ताहभर चावल वितरण बाधित कर दिया गया। जिससे महासमुंद शहर के लगभग 460 सहित महासमुंद विधानसभा के सैकड़ों गांवों के हजारों बीपीएल हितग्राहियों को मार्च का राशन नहीं मिल पाया है। चंद्राकर ने कहा कि यह हाल शहर सहित पूरे जिले व प्रदेश का है। चंद्राकर ने कहा कि चूंकि, अब सरकार चावल उत्सव के नाम पर अपना प्रचार-प्रसार कर रहा है। ऐसे में अप्रैल, मई व जून कुल तीन माह का चावल देने की बात कही जा रही है।



लेकिन, मार्च का राशन जिन्हें नहीं मिला उन्हें मार्च, अप्रैल, मई, जून कुल चार माह का चावल प्रदान किया जाना चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पीडीएस व्यवस्था पारदर्शी और विश्वसनीय मानी जाती थी। गरीबों को व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत राशन कार्ड जारी किए गए थे, जिसमें स्थानीय निकायों की भागीदारी और दावा-आपत्ति की प्रक्रिया शामिल थी। 2023 में सरकार बदलने के बाद पुनः राशन कार्डों को निरस्त कर लोगों को नए कार्ड बनवाने के लिए मजबूर किया गया। वर्तमान में भी प्रदेश के लाखों परिवार केवाईसी के अभाव में राशन से वंचित हैं।

# भुइयां सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से सिंचित जमीन बनी असिंचित, किसानों में नाराजगी: मोक्ष कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ में किसानों की कमर तोड़ने वाली एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। भुइयां सॉफ्टवेयर की गड़बड़ी ने पिथौरा ब्लॉक और बसना ब्लॉक के सैकड़ों गांवों के किसानों को संकट में डाल दिया है। सिंचित जमीन को रिकॉर्ड में असिंचित दिखा दिया गया है, जिससे किसानों को मिलने वाला बैंक ऋण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

कांग्रेस के सक्रिय नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए शासन-प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है। आज किसान बैंक से पर्याप्त कर्ज नहीं ले पा रहे हैं, क्योंकि उनकी जमीन को असिंचित दिखाया जा रहा है। आने वाले समय में खाद, बीज और खेती की पूरी व्यवस्था चरमरा सकती है, उन्होंने चेतावनी दी।

प्रधान ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद सरकार और संबंधित विभाग आंख



मूंदकर बैठे हैं। किसानों की पीड़ा को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे गांव-गांव में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पिथौरा और बसना ब्लॉक के लगभग सभी गांव इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो किसानों के साथ मिलकर एक वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा। सरकार को इसकी पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी। किसान अब चुप नहीं बैठेंगे, अपने हक के लिए सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी।

यह मामला अब सिर्फ तकनीकी सुधार का नहीं, बल्कि किसानों के अस्तित्व और भविष्य का सवाल बन चुका है। अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो इसका असर आने वाले पूरे कृषि सत्र पर पड़ सकता है और क्षेत्र में बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है।

### हरे चारे के सायलेज निर्माण एवं पशुपालन प्रबंधन के लिए कृषकों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**महासमुंद।** हरे चारे के सायलेज निर्माण एवं पशुपालन प्रबंधन की तकनीकी जानकारी प्रदान करने जिले के 30 कृषक पशुपालकों का शैक्षणिक भ्रमण टांक डेयरी फार्म, सेमरिया एवं शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंदखुरी में कराया गया। इस भ्रमण दल में 10 महिला कृषक भी शामिल रहीं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि भ्रमण के दौरान कृषकों को बारहों माह हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सायलेज निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सायलेज हरे चारे जैसे मक्का, ज्वार एवं बाजरा को हवा रहित किण्वन प्रक्रिया के माध्यम से संरक्षित करने की एक वैज्ञानिक विधि है, जो लगभग 40 से 50 दिनों में तैयार हो जाती है। यह चारा पौष्टिक एवं सुपाच्य होने के साथ पशुओं के लिए अत्यंत लाभकारी है तथा इसे तैयार होने के बाद लगभग 2 वर्षों तक सुरक्षित रखकर उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में विकासखंड महासमुंद से 9, बागबाहरा से 7, पिथौरा से 4, बसना से 3 तथा सरायपाली से 7 कृषकों ने भाग लेकर सायलेज निर्माण संयंत्रों का अवलोकन किया। इनमें से 16 कृषकों का चयन सायलेज निर्माण के लिए किया गया है, जिन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 90 प्रतिशत अनुदान पर सायलेज निर्माण किट उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा कृषकों को पशुपालन प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराने हेतु शासकीय पशु प्रजनन केंद्र, चंदखुरी का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर डॉ. अजय पांडेय द्वारा पशुओं के उचित रखरखाव, संतुलित आहार, पशुशाला की स्वच्छता, सुरक्षित दुग्ध दुहन विधि तथा गौवंशीय बछड़ों की देखभाल संबंधी जानकारी दी गई।

# सच्ची भक्ति और दृढ़ता से ईश्वर को पा लेते हैं भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बरबसपुर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव के तीसरे दिन की कथाव्यास पंडित रूपनारायण शर्मा ने कपिल मुनि संवाद, सती अनसुया, ध्रुव तपस्या और जड़भरत कथा श्रोताओं को सुनाई। प्रथम प्रसंग पर भगवान विष्णु के पांचवें अवतार की आराधना कपिल मुनि के रूप को बताया। विष्णु के 24 अवतारों में से प्रमुख है, जिसे अग्नि का अवतार से जाना जाता है। ब्रह्मा के मानस पुत्र कपिल मुनि सनातन धर्म के संरक्षण के लिए धरती पर अवतरित हुए थे और उसने मानव को जीवन जीने की कलाएं सिखाई।

ध्रुव चरित्र में ध्रुव की भक्ति की महिमा का वर्णन किया। ध्रुव की कथा ने मुख्य रूप से आज नवयुवाओं को प्रेरित किया। देवर्षि नारद के मार्गदर्शन में ध्रुव द्वारा ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप



करते हुए एक पैर पर खड़े होकर छह माह की कठोर तपस्या में लीन रहकर भक्ति और संकल्प की शक्ति को उजागर किया। दृढ़निश्चय और कठोर तपस्या के बल पर भगवान विष्णु के दर्शन प्राप्त किए और ध्रुव तारे के रूप में अमर हो गए, जो जीवन में अटल संकल्प और ईश्वर भक्ति के महत्व को दर्शाता है कि भक्ति की कोई उम्र नहीं होती। सच्ची भक्ति और दृढ़ता से ईश्वर को पाया जा सकता है।

जड़ भरत की कथा एक महान ऋषि के बारे में बताया, जिनका जन्म पिछले जन्म में राजा के रूप में हुआ था, लेकिन अपने पालतू हिरण के बच्चे से अत्यधिक लगाव के कारण उनका पुनर्जन्म हिरण के रूप में हुआ। वे राजा भरत के पुनर्जन्म थे, जिन्हें हिरण से लगाव हो गया था। जड़ा भरत के रूप में, उनके भाइयों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, लेकिन वे सुख-दुख से अप्रभावित रहे, केवल अपनी शाश्वत आत्मा में लीन रहे। जब उन्हें एक देवी को बलि चढ़ाया जाने वाला था, तब देवी ने उनकी उच्च आध्यात्मिक अवस्था के कारण उनकी रक्षा की। जड़भरत का ज्ञान पूरे भारत में फैल गया। जिन्होंने सांसारिक मोह से मुक्ति के लिए मुख्य उपदेश इंद्रियों पर नियंत्रण और इच्छाओं पर अंकुश लगाना हैं। हमें इच्छाओं को असीमित रूप से बढ़ने नहीं देना चाहिए। हमारी खुशी और दुख के लिए केवल हमारे कर्म ही जिम्मेदार हैं।

कथा के दौरान वातावरण ध्रुव नाम स्मरण और हरि बोल हरि बोल के जयघोष से गूंज उठा। ओम नमो भगवते वासुदेवय नमः भजन कीर्तन का दौर भक्तों के जयकारे के साथ क्षेत्र गूंजायमान रहा। इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्य हरीश यादव, विष्णु चंद्राकर, रामा यादव, संतोष सेन, चंद्रिका यादव, संतोष विश्वकर्मा, चमरू निषाद, पूरन साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा ने नपा की बजट को बताया काल्पनिक

**महासमुंद।** नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नपाध्यक्ष पार्षद पवन पटेल, पार्षदगण सीता तोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यदु, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजू चंद्राकर, भाउराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी सांसद प्रतिनिधि महेंद्र जैन, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी ने नगर पालिका में 2026-27 के बजट को काल्पनिक बजट बताते हुए कहा कि पूर्व 2025-26 के आंकड़ों को लाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना जो कि केंद्र व राज्य सरकार की महती योजना है जिसे जानबूझकर नहीं जोड़ा गया है। जबकि, बीते वित्तीय वर्ष में लगभग 150 से अधिक गरीबों के आवास स्वीकृत होकर निर्माण हो चुके है। कुछ निर्माणाधीन है। लगभग 375 लाख रुपए शासन से पालिका को आवास के लिए प्राप्त हुए है, ऐसी महती योजना की अनदेखी नपाध्यक्ष द्वारा की गई केवल कागजों का जमा खर्च किया गया। केंद्र सरकार द्वारा एनयूएलएम के तहत करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष पालिका को प्राप्त होती है, जिसे भी छोड़ दिया गया। गरीबों एवं पंक्ति में खड़े अंतिम लोगों के लिए कोई राहत नहीं है बल्कि वित्तीय भार को पालिका के उपर बढ़ाया जा रहा है। नगर पालिका के मूलभूत कार्य बिजली सफाई पानी के लिये कोई बड़ा प्रावधान बजट में नहीं है। मुढ़ेना एवं बेलसोंडा में फिल्टर प्लाट की हालत पर कोई विचार नहीं किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**महासमुंद।** जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता जीपी पाटिल जीपी पाटिल एवं सहायक वर्ग-02 आरपी वर्मा को 62 वर्ग शासकीय सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर 31 मार्च को साल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर एके खरे कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, केके बंजारे अनुविभागीय अधिकारी कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग, एनके ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी कोडार नहर उपसंभाग, मुकेश कुमार चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी, एचएल परमहंश अनुविभागीय अधिकारी क्र 2, अजय कुमार ठाकुर सहायक अभियंता, मोतीलाल मालेकर उपअभियंता, एसपी ध्रुव मानचित्रकार, एमएल ध्रुव मानचित्रकार, बिहारी शर्मा, कुंदन लाल चतुर्वेदी, सीतेश कुमार साहू, ममता चंद्राकर, यशवंत ठाकुर, उमेश कुमार सिन्हा, विक्की साहू, हिमानी ठाकुर, शोभा रामटेके, तारकेश्वर साहू, ओगप्रकाश सिन्हा, अशोक कुमार निर्मलकर, संदीप ठाकुर, आशीष चंद्राकर, भीखम कुमार चंद्राकर, ललित कुमार यादव, वेद प्रकाश सिन्हा, रामानंद निषाद आदि मौजूद रहे।



## रबी धान फसल की बालियां निकलने लगी

**नर्रा।** क्षेत्र में साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसान ग्रीष्मकालीन रबी धान फसल की खेती कर रहे हैं। बता दें कि जो किसान पहले से बुआई रोपाई किए हैं उन्हीं के खेतों में धान की बालियां निकलने लगी है। किसानों ने धान के खेती के साथ-साथ सब्जी, मूंग फल्ली, उड़द की फसल भी ली है। भीषण गर्मी अप्रैल के महीना में लो-वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल मोटर पंप की धार भी पतली सी हो गई है। इससे खेतों में लगे धान फसल की सिंचाई ढंग से नहीं चल पा रहा है। इन दिनों क्षेत्र में तेज धूप भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे है। इधर, रात में घरों की बल्ब लाल चिमनी की तरह और तो और पंखे-कूलर भी चलना मुश्किल हो गया है। दिन में लाइट हाफ डाउन से बाड़ी में लगे सब्जी की फसलों को सिंचाई करने में परेशानी झेलना पड़ रहा है।

## लाफिनकला में मानस गान प्रारंभ

**महासमुंद।** लाफिनकला में त्रिदिवसीय संगीतमय श्रीरामचरित मानसगान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के ख्यातिप्राप्त 24 मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय मंडली जय बजरंग मानस परिवार द्वारा श्रीरामचंद्र के पूजा अर्चना व मानसगान कर शुभारंभ किया गया। शुक्रवार 10 अप्रैल को 8 मंडलियां, 11 को 8 व 12 अप्रैल को 8 मंडलियों का पंजीयन हो चुका है।

## अवलोकन : जिपं सीईओ ने किया आजीविका संवर्धन केंद्रों का निरीक्षण

# महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने व बाजार से जोड़ने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के विभिन्न आजीविका संवर्धन केंद्रों का निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने गुरुवार को किया। इस दौरान उन्होंने महासमुंद विकासखंड के बिरकोनी एवं कांपा स्थित केंद्रों तथा पिथौरा विकासखंड के बगारपाली आजीविका संवर्धन केंद्र में संचालित गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ नंदनवार ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने तथा उन्हें उचित बाजार उपलब्ध कराने कहा गया। उन्होंने लखपति दीदी पहल के अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को नवीन आय आधारित गतिविधियों से जोड़कर आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। पश्चात सीईओ नंदनवार ने पिथौरा विकासखंड के बगारपाली आजीविका संवर्धन केंद्र का भी अवलोकन किया। जहां फ्लाई ऐश ब्रिक्स की नवीन यूनिट, सब्जी बड़ी निर्माण एवं अन्य पूर्व से संचालित गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महात्मा गांधी नरेगा के तहत तालाब गहरीकरण, शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने नरेगा अंतर्गत अधिकाधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने पर बल देते हुए जल संवर्धन के कार्य जैसे नए तालाब, डब्ल्यूएटी, एससीटी, सोख्ता गड्ढा, नाडेप एवं प्लांटेशन के लिए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों को 7 दिवस के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी आवासों में स्व-प्रेरणा से अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने पर भी जोर दिया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्ड चलो अभियान के माध्यम से संगठन को मजबूत करने का संकल्पः चंद्रहास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के इमलीभाठा वार्ड क्रमांक 2, 3, 10 में बूथ चलो अभियान में राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका लक्ष्य प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करना और आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करना है।

इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि बूथ चलो अभियान का प्रमुख उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करना, नए मतदाताओं को जोड़ना तथा अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करना है। महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि हम सब बूथ चलो अभियान के लिए एकत्र हुए हैं। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है। भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू ने कहा कि बूथ चलो अभियान के अंतर्गत बूथ समितियों को सक्रिय किया जाएगा, स्थानीय मुद्दों पर संवाद बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंत्री मनीष बंसल, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी सुनैना ठाकुर, एमआर विश्वनाथन, हनीश बग्गा, सुजाता विश्वनाथन, प्रभा साहू, मधु यादव, सुधा साहू, दिनेश बेहरा, गोविंद ठाकुर, पप्पू ठाकुर, नंदू जलक्षत्री आदि मौजूद रहे।

## पिथौरा में गुमास्ता पंजीयन शिविर फ्लॉप एक भी व्यवसायी नहीं आया दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)




नगर पंचायत परिसर में शुक्रवार को व्यापारियों के लिए गुमास्ता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया, लेकिन यह शिविर पूरी तरह निष्फल साबित हुआ। शिविर में श्रम पदाधिकारी कार्यालय से निरीक्षक बेलार्सन बघेल उपस्थित रहे, बावजूद इसके एक भी व्यवसायी गुमास्ता पंजीयन के दायरे में नहीं आ सका। मिली जानकारी अनुसार गुमास्ता पंजीयन उन प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य होता है, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत होते हैं। इसके अंतर्गत कर्मचारियों का पंजीयन, बीमा तथा अन्य श्रम नियमों का पालन करना होता है। लेकिन, पिथौरा नगर में अधिकांश दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान छोटे स्तर के हैं, जहां 10 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं। यही कारण रहा कि पूरे शिविर में पंजीयन की स्थिति शून्य रही। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने बताया कि नगर के सभी छोटे-बड़े व्यापारियों का पंजीयन व्यापार अनुज्ञापन नियम 2025 के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पंजीयन गुमास्ता के समान ही मान्य है और खासतौर पर उन दुकानों के लिए लागू है, जहां 10 से कम कर्मचारी कार्य करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नगर पंचायत द्वारा व्यापारियों को नियमों के दायरे में लाने और व्यवस्थित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि सभी व्यवसाय वैधानिक रूप से संचालित हो सकें।

## सिरपुर में श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ

**महासमुंद।** सिरपुर स्थित नव-निर्मित गायत्री चेतना केंद्र में गायत्री माता की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्राद्ध तर्पण संस्कार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। भारतीय संस्कृति में वर्णित 16 संस्कार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण माने गए हैं। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा इन सभी संस्कारों को निःशुल्क कराया जाता है। इसी क्रम में चित्रोत्पला महानदी के तट, राम घाट पर स्थित इस नव-निर्मित केंद्र में श्राद्ध तर्पण एवं अस्थि विसर्जन की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। अब कोई भी श्रद्धालु यहां आकर अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध तर्पण एवं अस्थि विसर्जन कर सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सुखरीडबरी निवासी बोधन पटेल की माता के अस्थि विसर्जन एवं श्राद्ध तर्पण संस्कार के साथ किया गया। बोधन पटेल के शोक संतप्त परिजनों में सादराम, लुकेश पटेल, रूपसिंह, पुराणिक पटेल, ओमप्रकाश पटेल आदि शामिल हुए।

## महासमुंद से अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जनपद परिसर से हिंदू आस्था के प्रमुख केंद्र अयोध्या धाम के दर्शन के लिए क्षेत्र से श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भगवाधारी झंडा दिखाकर ग्रामीणों को यात्रा के लिए विदा किया। अयोध्याधाम उत्तर प्रदेश में स्थित एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां भगवान रामचंद्र के जन्म स्थान के लिए देशभर के श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां के प्रमुख तीर्थ स्थलों में राम मंदिर, कनक भवन हनुमानगढ़ी, दशरथ महल तथा सरयू नदी के घाट शामिल है। श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए साथ-साथ सरयू नदी में स्नान और नौका विहार का भी आनंद लेते हैं।

कार्यक्रम में दिशा रामस्वरूप दीवान जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, विजय लक्ष्मी जांगड़े, संतोष साहू, लोकेश चंद्राकर, रामस्वरूप दीवान, राहुल चंद्राकर एवं रामेश्वर पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने जय जय राम के जयकारों के साथ अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया गया।

## भाजपा नकल करने में अव्वलः आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छग राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष और पीसीसी के संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने स्थापना दिवस से छग में गांव बस्ती चलो अभियान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम की नक़ल है। संगठन सृजन कार्यक्रम में सभी नेता और कार्यकर्तागण गांव-गांव जाकर संगठन का काम कर रहे हैं और लोगों से बात कर रहे हैं।

ढाई साल की भाजपा की छत्तीसगढ़ की सरकार के कार्यकाल में बिजली महंगी, धान खरीदी में अनियमितता, सड़कों की जर्जर हालत, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, योजनाओं में भ्रष्टाचार, 500 में गैस की सौगात, महतारी वंदन की राशि की समस्या से ग्रसित है और ये चुनिंदा 50 गांव में सुनियोजित भाजपाइयों को एकत्रित कर गांव बस्ती चलो अभियान का कार्यक्रम का फटा ढोल पीटने की ढोंग करने जा रहे हैं, छग के हर विधानसभा में 175-200 से अधिक गांव हैं।

आलोक ने यह कहा कि नकल करना ही है तो पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली जनहितैषी सरकार की पांच सालों में किए गए जनहित के कार्यों योजनाओं की जो लंबी फेहरिस्त है उसका नकल करो। आलोक ने नागरिकों से अपील की है कि भाजपा के लोग जब आपके गांव/बस्ती पहुंचे तो किसानों के नगद काउंटर कहां खोले हैं, छात्र-छात्राओं को ट्रेवलिंग एलाउंस कब से मिलेगा, उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि कब देंगे, 500 में गैस सिलेंडर कब देंगे, मुख्यमंत्री जनदर्शन बंद क्यों है आदि सवालों पूछ कर जवाब जरूर लें।

## ग्रामीण एवं शहरी निजी चिकित्सा कल्याण संघ की कार्यकारी बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण एवं शहरी निजी चिकित्सा कल्याण संघ की कार्यकारी बैठक लभराखुर्द में जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सेन की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सेन ने संगठन से बाहर रहकर प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कई व्यक्ति बिना किसी वैद्यकीय नियमों का पालन किए एवं बिना किसी अधिकृत संगठन के दिशा-निर्देशों को माने, बेधड़क दवाखाना एवं क्लिनिक का बोर्ड लगाकर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा कई बार गलत एवं अवैज्ञानिक उपचार किए जाने से मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरे चिकित्सा समुदाय की छवि धूमिल होती है और समाज में चिकित्सकों के प्रति विश्वास भी प्रभावित होता है। सेन ने ऐसे मामलों में नियमों के तहत सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा बनी रहे और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जोगीराम साहू, रवि पाटकर, डोमलाल साहू, छेरकूराम, रेख राम साहू, मनहरण लाल साहू, अमर सिंह साहू, उपेंद्र साहू, गोवर्धन सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का जल कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के मार्गदर्शन में ग्राम अछोला में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ जल कलश यात्रा के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शांति कुंज प्रतिनिधियों एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद की महिला टोली द्वारा किया गया। प्रथम दिवस गायत्री माता के पूजन एवं युग संगीत के साथ जल कलश की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात जल कलश यात्रा बाजे गाजे एवं संगीत के साथ निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथ रैला सरपंच ग्राम पंचायत अछोला थे। इस अवसर पर वरिष्ठजनों में ललित मेश्राम, बोधराम साहू, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू एवं परस चौहान उपस्थित रहे और उन्होंने जनसमूह को संबोधित किया। महिला मंडल से पूर्णिमा साहू, निशा चंद्राकर, नीतू साहू, प्रेमलता साहू, धनेश्वरी, कनेश्वरी, दुलारी आदि बहनें उपस्थित थे। कल प्रातः देव आवाहन के साथ नौ कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ होगा। साथ ही विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे तथा प्रतिदिन संध्या 4 बजे से प्रज्ञा पुराण की कथा होगा। इस 4 दिवसीय यज्ञीय कार्यक्रम का 13 मई को पूर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शांति कुंज हरिद्वार से आए युग ऋषि पुत्रों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी भारत सिंह साहू द्वारा दी गई।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## कांपा में त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन पर निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



ग्राम कांपा में त्रि-दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया गया है। ग्राम भ्रमण के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। बाजार चौक कार्यक्रम परिसर में आयोजक रंग तरुण मानस मंडली ने पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

दोपहर 12 बजे महिलाओं व बालिकाओं ने पीले वस्त्र धारण कर, सिर पर कलश लेकर ग्राम के मुख्यमार्ग से यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से निकाली गई। बाजार चौक, साहू पारा, भाठापारा, यादव पारा से बड़े तालाब में विधि-विधान से कलश में जल अर्पित किया।

फिर मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम स्थल में शिखर स्थापना व ध्वजारोहण के साथ किया। प्रभातफेरी में गाजे बाजे के साथ भक्तों ने भगवा ध्वज लहराया व जय श्रीराम, सीताराम, राधाकृष्ण की जय, हर हर महादेव, जय हनुमान, जय जय श्रीराम के जयकारे लगाए। चौक चौराहों में फाटकों के साथ आतिशबाजी की गई। धर्मिक गीतों के गूंजायमान से श्रद्धालु जमकर झूमे व आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

शनिवार को हंस वाहिनी बालिका रामनगर भिलाई, रुद्रेश्वर मंडली बालेश्वर सिहावा, गोपेश्वर बाल शाखा बिहझार बागबाहरा, भगवती मानस मंडली सेनचुआ धमतरी, विश्राम मानस मंडली झारा, बस्तरिया मानस मंडली बस्तर कोंडा, साईं कृपा मानस परिवार जीवतरा, रविवार को जय कपिस मानस परिवार आमकोनी, पैरी लहर बालिका दुधवा मगरलोड, सिताक्षी महिला सिंह देही धमतरी, जय गुरुदेव पीलेंद्र शरण राजिम, जय शीतला मानस मंडली बन बघेरा राजनांदगांव, अनुसुइया महिला गुजरा धमतरी व सोमवार को मधुरिमा मानस मंडली बरोंडा चौक महासमुंद, अर्चना मानस मंडली करेली राजिम, कौशिल्या के राम हिच्छ, श्रीराम मानस परिवार पीपर हटठा छुरा, श्रद्धा मानस मंडली कचना धमतरी, प्रतिभा बालिका पूर्राम टोला राजनांदगांव, राधे मानस परिवार रायपुर द्वारा मानसगान प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजक समिती के सदस्य युगल साहू, गोपी साहू, चेतन यादव, दानेश्वर साहू, प्रीतम साहू, फूलचंद यादव, प्रभु तारक, रामप्रसाद यादव, संतोष यादव, खेलू चंद्राकर, हरीश साहू, नरेंद्र साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411